# MATA HARKI DEVI COLLEGE FOR WOMEN, ODHAN (SIRSA)

(Affiliated to CDLU, Sirsa)

Run by Mata Harki Devi Memorial Education Society, Odhan







# Prospectus

2017-18

**माता हरकी देवी जी की प्रेरणा से
इस ग्राम्यांचल में महिला शिक्षा की जो अलख जगी है,
उससे हज़ारों बेटियाँ आत्मनिर्भर और जागृत हुई हैं.**




MATA HARKIDEVI COLLEGE FOR WOMEN
ODHAN (SIRSA)
आरोह तमसो ज्योति



# A PREMIER EDUCATIONAL INSTITUTION OF REPUTE

Greetings from the President, Mata Harki Devi College for Women, a premier educational institution of the CDLU, Sirsa.

MHD College is imbued with the sterling spirit of its founder Ch. Devi Lal ji who despite his very humble beginnings not only displayed a high degree of enterprise in creating a big change in politics but was also a close associate of the leading lights of Indian national freedom struggle.

This institution is fortunate in receiving continued liberal support and commitment from the family of Ch. Devi Lal ji and thus has prospered to become an institution of repute in the area.

Education is the fulcrum of life, for peace, progress and development. It provides seedlings for culture and civilization. It is a passport to freedom and liberty and a higher calling in life. In post-colonial era, education along with health, which are central to the contemporary debate on human development indicators, were recognized by development economists as a 'human right'. Further, the modern day economists who are imbued with the spirit of liberal democracy collected evidence to prove that greater literacy and educational achievements of disadvantaged groups can increase their ability to resist oppression and politically organise themselves for a fairer deal. Hon'ble Supreme Court of India made a historic construction of the right to life enshrined in the Indian constitution (Article 21) to include therein right to education, to take this debate to a higher pedestal.

With such criticality and importance attached to education, serving an institution of higher learning for women in rural area is an essentially illiberal and patriarchal society is a unique opportunity and challenge for MHD College. We are at a historical juncture in the march of education and knowledge whence technology has provided a cutting edge and fast paced, easy access to information and knowledge. We, therefore, need to constantly update ourselves to maintain high standards of this institution and disseminate education and knowledge to the future women achievers of the nation. We expect that the students will join this solemn venture with their youthful vigour and spirit of enquiry.

**Maninder Pal Singh Brar**
President
Governing Body,
Mata Harki Devi College for Women,
Odhan

# एक वायदा खुद से...



हमारा सौभाग्य है कि आप माता हरकी देवी कॉलेज में प्रवेश लेने की इच्छुक हैं. आपने मेहनत की, परीक्षा दी और पास हुए तो आज नई कक्षा में दाखिले का दिन आया. वरना इम्तहान में तो बहुत लोग बैठते हैं पर सबके जीवन में यह दिन नहीं आता. कुछ तो परिश्रम अथवा उचित मार्गदर्शन के अभाव में असफल ही हो जाते हैं, कुछ सफल होने के बावजूद अपने पारिवारिक-आर्थिक हालात अथवा संस्कारगत जड़ताओं के कारण पढ़ना चाहकर भी पढ़ने से वंचित रह जाते हैं. आप भाग्यशाली हैं कि आपको उचित शिक्षा का मौका मिला है. प्रवेश तो पहली पायदान है. ऊँची से ऊँची सीढ़ी पर चढ़ने के लिए पहला कदम तो उठाना ही पड़ता है. आपने पहला कदम उठाने की ठान ली है तो शिखर आपसे दूर नहीं है. आगे बढ़ने का संकल्प लेकर पढ़ना ताकि जीवन को एक दिशा मिल सके एवं आपको उस समाज में स्थान मिल सके। आजकल लड़कियों का जन्म लेना भी अभिशाप माना जाने लगा है. आपका व्यक्तित्व ही आने वाली बेटियों का स्थान निर्धारित करेगा. वैसे भी समाज में ग़र एक लड़की कोई भूल करती है तो सैकड़ों माता-पिता अपनी-अपनी बेटियों पर बेड़ियों का शिकंजा और कस देते हैं. उनका भय अपनी जगह उचित है पर आप कोई ऐसा काम करो ही क्यों? जिससे माँ-बाप बेटियों के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति में रहें बल्कि आपको तो ऐसा चिराग बनना है जिससे दूसरे दीए भी प्रकाशित होने की संभावना से युक्त हो सकें.

माता-पिता अपनी-अपनी बेटियों पर बेड़ियों का शिकंजा और कस देते हैं. उनका भय अपनी जगह उचित है पर आप कोई ऐसा काम करो ही क्यों? जिससे माँ-बाप बेटियों के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति में रहें बल्कि आपको तो ऐसा चिराग बनना है जिससे दूसरे दीए भी प्रकाशित होने की संभावना से युक्त हो सकें.

कॉलेज सिर्फ़ सज-धज कर आने, सहपाठियों से बतियाने अथवा मौज-मस्ती की जगह नहीं है वरन् भविष्य को संवारने का महत्त्वपूर्ण उपक्रम है. कैरियर सुनिश्चित करने का अवसर है और जीवन के असंख्य अनसुलझे सवालों के उत्तर तलाशने का धरातल है. अवसर बार-बार नहीं आते. मौका मिला है तो कुछ करके दिखाओ ताकि समाज बेटियों का महत्त्व समझे. बहुत उम्मीदें हैं हमें आपसे, जिन्हें सिर्फ आप पूरा कर सकती हैं. करिए वायदा खुद से भी और हमसे भी कि ज़रूर कुछ बन कर दिखाएंगी. जो ठान लेते हैं, वे पा ही लेते हैं.

नदी किसी की प्यास नहीं बुझाती, वह तो बहती रहती है, बरसों तक किनारे खड़े रहेंगे तो भी प्यास नहीं बुझेगी. प्यास बुझाने के लिए झुकना तो पड़ेगा ही. झुको, अंजुलि में भरो जल, पीओ, प्यास बुझ जायेगी, यानी कोशिश करनी पड़ेगी खुद ही. प्यास चाहे कण्ठ की हो, चाहे ज्ञान की, फ़र्क नहीं पड़ता. झुको, तृप्त होओ. जो नदी की तरह बहेगा खोज लेगा सागर को, अगर तुम्हें कोई बदलना चाहे, बनाना चाहे, सीधी राह पर लाना चाहे तो भटकने में स्वाद आता है. सलाह-मशवरा हमेशा बुरा लगता है क्योंकि अहंकार को आज़ादी चाहिए. तुम पूरी तरह आज़ाद हो. मन करे तो आँखें खोल लो, बंद रखना चाहो तो तुम्हारी मर्जी. रोशनी को तुम्हारी आँख से कुछ लेना-देना नहीं है. खोलोगे तो सूरज-चाँद तुम्हारी दहलीज़ पर खड़े हैं, नहीं खोलोगे तो सूरज-चाँद का कोई अपमान नहीं होता. प्रकाश की यात्रा हमेशा अंधकार की गहन पीड़ा से प्रारम्भ होती है. अंधेरा देखने के लिए भी आँख चाहिए और आँख से ही रोशनी की खोज शुरू होती है. आपके हर सफर के लिए शुभकामनाएँ.

**शमीम शर्मा**
प्राचार्या

# महाविद्यालय परिवार

## प्राचार्या : डॉ. शमीम शर्मा

एम.ए., (स्वर्ण पदक प्राप्त),
एम.फिल. (स्वर्ण पदक प्राप्त), पीएच.डी.

**अंग्रेज़ी विभाग**

**डॉ. मोनिका गिल,** एम.ए. (अंग्रेजी व एजुकेशन), बी.एड., एम.फिल., पीएच.डी.
**सुश्री प्रीति शर्मा,** एम.ए., बी.एड.
**श्रीमती राधा शर्मा,** एम.ए., बी.एड.
**सुश्री सुमन,** एम.ए., बी.एड.
**सुश्री अमनदीप,** एम.ए., बी.एड.

**हिन्दी विभाग**

**डॉ. मंजु दलाल,** एम.ए. (हिन्दी व एजुकेशन), बी.एड., पीएच.डी. (अवकाश पर)
**श्रीमती पूनम गुप्ता,** एम.ए., एम.फिल.
**श्रीमती सविता बांसल,** एम.ए., बी.एड.

**पंजाबी विभाग**

**डॉ. हरमीत कौर,** एम.ए., बी.एड., एम.फिल., पीएच.डी.

**अर्थशास्त्र विभाग**

**श्रीमती मीनाक्षी जैन,** एम. ए., बी.एड., एम.फिल., नेट

**राजनीति शास्त्र विभाग**

**श्रीमती रजनी,** एम.ए., बी.एड., नेट

**इतिहास विभाग**

**श्रीमती मोनिका कसवाँ,** एम.ए. (इतिहास व अंग्रेज़ी), बी.एड.

**गृह विज्ञान विभाग**

**श्रीमती प्रियंका,** एम.एससी., बी.एड.

**गणित विभाग**

**सुश्री रिम्पी अनेजा,** एम.एससी., बी.एड., एम.फिल.
**श्रीमती ममता,** एम.एससी., बी.एड.
**श्रीमती गीतांजलि,** एम.एससी., बी.एड.

**समाजशास्त्र विभाग**

**डॉ. संतोष सेठी,** एम.एससी., पीएच.डी., पी.जी.डी.सी.ए. (अवकाश पर)
**श्रीमती कविता रानी,** एम.ए. (समाजशास्त्र व हिन्दी), बी.लिब., बी.एड.

**संगीत (वाद्य) विभाग**

**डॉ. अभिलाषा शर्मा,** एम.ए., पीएच.डी., नेट

**फैशन डिज़ायनिंग**

**श्रीमती नीरू मैहता,** एम.ए., (हिन्दी) पी.जी.डी.डी.डी.टी., एम.एसी., बी.एड.

**शारीरिक शिक्षा विभाग**

**सुश्री पारुल चौधरी,** सी.पी.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड., एम.फिल., बी.एड.

**वाणिज्य विभाग**

**सुश्री चंचल,** एम.कॉम., एम.ए. (लोक प्रशासन), एम.फिल. (कॉमर्स व लोक प्रशासन), बी.एड., एडवांस डिप्लोमा इन कम्प्यूटर, एम.एफ.सी.
**सुश्री दीपक,** एम.कॉम., बी.एड., नेट
**सुश्री करमजीत कौर,** एम.कॉम., बी.एड.

**भौतिक विज्ञान विभाग**

**श्रीमती सुलोचना,** एम.एससी., बी.एड., एम.एड.
**सुश्री सिमरनजीत कौर,** एम.एससी.
**सुश्री बिंदिया,** एम.एससी., बी.एड.

**रसायन विज्ञान विभाग**

**सुश्री संगीता,** एम.एससी., बी.एड., नेट
**सुश्री सपना,** एम.एससी., बी.एड.
**सुश्री मोनिका,** एम.एससी.

**कम्प्यूटर विज्ञान विभाग**

**श्रीमती स्वर्णा बजाज,** बी.टेक., एम.टेक.
**सुश्री ज्योति सेठी,** बी.टेक., एम.टेक.
**श्रीमती नेहा मैहता,** एम.सी.ए.

**पर्यावरण अध्ययन विभाग**

रिक्त

**पुस्तकालय**

**सुश्री लखप्रीत कौर,** बी.लिब., बी.एड., एम.ए. (एजुकेशन)

**कार्यालय कर्मचारी विभाग**

**श्री हरगोविन्द सिंह,** बी.कॉम. (लिपिक)
**श्री सुरेन्द्र कुमार,** बी.ए., जे.बी.टी. (कम्प्यूटर ऑप्रेटर)
**श्री रघुबीर सिंह,** बी.ए.
**श्री मनोहर लाल** (तबला वादक) एम.ए., बी.एड.
**श्रीमती सुमन,** एम.ए., बी.एड.
**श्री गुरमेल सिंह,** बी.ए.

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी**

**श्री गुरजीत**
**श्री प्रेम कुमार**
**श्री लाभ सिंह**
**श्री मन्दर सिंह**
**श्री कुलदीप सिंह**
**श्रीमती सरस्वती**
**श्रीमती पुष्पा**
**श्रीमती बिन्द्र कौर**
**श्रीमती सरबजीत कौर**

**स्वच्छता सिपाही**

**श्रीमती मोनिका**
**श्रीमती चरणजीत कौर**
**श्रीमती सरबजीत**
**श्रीमती खुशप्रीत कौर**
**श्रीमती सरोज**
**श्रीमती परमजीत**
**श्रीमती वीरपाल**
**श्रीमती जीतकौर**
**श्रीमती वनीता**
**श्रीमती कृष्णा**
**श्रीमती कैलाश**
**श्रीमती विद्या**
**श्रीमती कमला**

# सुविधाएँ

## पुस्तकालय (Library)

पुस्तकालय में लगभग सभी विषयों से संबंधित 4500 उपयोगी पुस्तकों का संग्रह है। पुस्तकालय के साथ विशाल वाचनालय कक्ष भी है जिसमें अनेक पत्र-पत्रिकाएँ तथा दैनिक समाचार- पत्र व जर्नल्ज़ छात्राओं के अध्ययनार्थ उपलब्ध रहते हैं।

## करियर कॉर्नर (Career Corner)

छात्राओं के लिए विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए तथा विभिन्न रोज़गार के अवसर के लिए सूचना एवं मार्गदर्शन देने हेतु पुस्तकालय में करियर-कॉर्नर की स्थापना की गयी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं व अन्य सम्बद्ध सामग्री उपलब्ध करायी जाती है।

## करियर गाइडेन्स एंड प्लेसमैंट सेल (Career Guidance & Placement Cell)

छात्राओं को इस सेल के माध्यम से करियर संबंधी विविध पाठ्यक्रम एवं रोज़गारों की जानकारी प्रदान की जाती है और इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये रोज़गारोन्मुखी व्याख्यान आयोजित करवाये जाते हैं।

## प्रयोगशालाएँ (Laboratries)

विभिन्न विषयों में आधुनिकतम उपकरणों सहित प्रयोगशालाओं का भी प्रावधान है। Music (Instrumental), Fashion Designing, Computer Science, Home Science तथा Science विषयों के लिये विशाल एवं सुसज्जित प्रयोगशालायें हैं।

## छात्रावास (Hostel)

महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए जनरेटर, गीज़र, टेलीफोन, वॉटर कूलर, पंखे, कूलर एवं फर्नीचर आदि से सुसज्जित तथा पूर्णतः सुरक्षित आधुनिक छात्रावास है जहां भोजन के स्वाद के साथ-साथ पौष्टिकता एवं स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखा जाता है।

## क्रीड़ा सुविधा (Sports Facility)

कॉलेज में बास्केट बॉल, वालीबॉल, बैडमिन्टन, टेबल-टेनिस, एथलेटिक्स, योगा, जूडो, खो-खो, कबड्डी तथा अन्य अनेक खेलों की समुचित व्यवस्था है।

## कैन्टीन (Canteen)

महाविद्यालय प्रांगण में छात्राओं के लिए कैन्टीन की व्यवस्था है। कोई बाहर का व्यक्ति कैन्टीन में प्रवेश नहीं कर सकता। छात्राएं किसी पुरुष आगंतुक को कैन्टीन में नहीं ले जा सकती।

## टकशॉप (Tuckshop)

टकशॉप की सुविधा उपलब्ध है जहां कोर्स की पुस्तकों के अतिरिक्त स्टेशनरी, कार्ड्स, उपहार एवं रोज़मर्रा की वस्तुओं की व्यवस्था है।

## स्वास्थ्य सुविधा (Health Centre Facility)

कॉलेज के हैल्थ सैन्टर में छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। एक अनुभवी चिकित्सक की सेवाएं निर्धारित समय के लिए इस सैन्टर में उपलब्ध हैं।

## ट्रांसपोर्ट सुविधा (Transport Facility)

आवागमन की सुविधा हेतु बसों की समुचित व्यवस्था है। बसें निर्धारित स्टॉप पर रुकती हैं। इस सुविधा को ग्रहण करने हेतु छात्राओं को निर्धारित फीस सहित एक मास पूर्व फार्म भरना होता है। पूरे वर्ष में 10 महीनों की बस फीस तीन किस्तों में ली जाएगी।

## इंटरनेट सुविधा (Internet Facility)

प्राध्यापक वर्ग एवं छात्राओं के लिए प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक इन्टरनेट-सेवा उपलब्ध है। यह सेवा पुस्तकालय में भी उपलब्ध है।







**पुस्तकालय (Library)**

पुस्तकालय में लगभग सभी विषयों से संबंधित 4500 उपयोगी पुस्तकों का संग्रह है। पुस्तकालय के साथ विशाल वाचनालय कक्ष भी है जिसमें अनेक पत्र-पत्रिकाएँ तथा दैनिक समाचार- पत्र व जर्नल्ज़ छात्राओं के अध्ययनार्थ उपलब्ध रहते हैं।

**करियर कॉर्नर (Career Corner)**

छात्राओं के लिए विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए तथा विभिन्न रोज़गार के अवसर के लिए सूचना एवं मार्गदर्शन देने हेतु पुस्तकालय में करियर-कॉर्नर की स्थापना की गयी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं व अन्य सम्बद्ध सामग्री उपलब्ध करायी जाती है।

**करियर गाइडेन्स एंड प्लेसमैंट सेल (Career Guidance & Placement Cell)**

छात्राओं को इस सेल के माध्यम से करियर संबंधी विविध पाठ्यक्रम एवं रोज़गारों की जानकारी प्रदान की जाती है और इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये रोज़गारोन्मुखी व्याख्यान आयोजित करवाये जाते हैं।

**प्रयोगशालाएँ (Laboratries)**

विभिन्न विषयों में आधुनिकतम उपकरणों सहित प्रयोगशालाओं का भी प्रावधान है। Music (Instrumental), Fashion Designing, Computer Science, Home Science तथा Science विषयों के लिये विशाल एवं सुसज्जित प्रयोगशालायें हैं।

**छात्रावास (Hostel)**

महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए जनरेटर, गीज़र, टेलीफोन, वॉटर कूलर, पंखे, कूलर एवं फर्नीचर आदि से सुसज्जित तथा पूर्णतः सुरक्षित आधुनिक छात्रावास है जहां भोजन के स्वाद के साथ-साथ पौष्टिकता एवं स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखा जाता है।

**क्रीड़ा सुविधा (Sports Facility)**

कॉलेज में बास्केट बॉल, वालीबॉल, बैडमिन्टन, टेबल-टेनिस, एथलेटिक्स,

MATA HARKIDEVI COLLEGE FOR WOMEN
ODHAN (SIRSA)

## पुस्तकालय (Library)

पुस्तकालय में लगभग सभी विषयों से संबंधित 4500 उपयोगी पुस्तकों का संग्रह है। पुस्तकालय के साथ विशाल वाचनालय कक्ष भी है जिसमें अनेक पत्र-पत्रिकाएँ तथा दैनिक समाचार- पत्र व जर्नल्ज़ छात्राओं के अध्ययनार्थ उपलब्ध रहते हैं।

## करियर कॉर्नर (Career Corner)

छात्राओं के लिए विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए तथा विभिन्न रोज़गार के अवसर के लिए सूचना एवं मार्गदर्शन देने हेतु पुस्तकालय में करियर-कॉर्नर की स्थापना की गयी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं व अन्य सम्बद्ध सामग्री उपलब्ध करायी जाती है।

## करियर गाइडेन्स एंड प्लेसमैंट सेल (Career Guidance & Placement Cell)

छात्राओं को इस सेल के माध्यम से करियर संबंधी विविध पाठ्यक्रम एवं रोज़गारों की जानकारी प्रदान की जाती है और इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये रोज़गारोन्मुखी व्याख्यान आयोजित करवाये जाते हैं।

## प्रयोगशालाएँ (Laboratries)

विभिन्न विषयों में आधुनिकतम उपकरणों सहित प्रयोगशालाओं का भी प्रावधान है। Music (Instrumental), Fashion Designing, Computer Science, Home Science तथा Science विषयों के लिये विशाल एवं सुसज्जित प्रयोगशालायें हैं।

## छात्रावास (Hostel)

महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए जनरेटर, गीज़र, टेलीफोन, वॉटर कूलर, पंखे, कूलर एवं फर्नीचर आदि से सुसज्जित तथा पूर्णतः सुरक्षित आधुनिक छात्रावास है जहां भोजन के स्वाद के साथ-साथ पौष्टिकता एवं स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखा जाता है।

## क्रीड़ा सुविधा (Sports Facility)

कॉलेज में बास्केट बॉल, वालीबॉल, बैडमिन्टन, टेबल-टेनिस, एथलेटिक्स, योगा, जूडो, खो-खो, कबड्डी तथा अन्य अनेक खेलों की समुचित व्यवस्था है।

## कैन्टीन (Canteen)

महाविद्यालय प्रांगण में छात्राओं के लिए कैन्टीन की व्यवस्था है। कोई बाहर का व्यक्ति कैन्टीन में प्रवेश नहीं कर सकता। छात्राएं किसी पुरुष आगंतुक को कैन्टीन में नहीं ले जा सकती।

## टकशॉप (Tuckshop)

टकशॉप की सुविधा उपलब्ध है जहां कोर्स की पुस्तकों के अतिरिक्त स्टेशनरी, कार्ड्स, उपहार एवं रोज़मर्रा की वस्तुओं की व्यवस्था है।

## स्वास्थ्य सुविधा (Health Centre Facility)

कॉलेज के हैल्थ सैन्टर में छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। एक अनुभवी चिकित्सक की सेवाएं निर्धारित समय के लिए इस सैन्टर में उपलब्ध हैं।

## ट्रांसपोर्ट सुविधा (Transport Facility)

आवागमन की सुविधा हेतु बसों की समुचित व्यवस्था है। बसें निर्धारित स्टॉप पर रुकती हैं। इस सुविधा को ग्रहण करने हेतु छात्राओं को निर्धारित फीस सहित एक मास पूर्व फार्म भरना होता है। पूरे वर्ष में 10 महीनों की बस फीस तीन किस्तों में ली जाएगी।

## इंटरनेट सुविधा (Internet Facility)








| Personality Building Courses | Sem I | Sem II |
|---|---|---|
| | English Speaking | Cooking |
| | Playing Insts | Stitching and Embroidery |
| | Beauty Culture | Computer Internet |
| | Car Driving | Car Driving |

प्रत्येक समेस्टर में एक Course लेना अनिवार्य है।

# गतिविधियाँ

## सामान्य ज्ञान परीक्षा (General Knowledge Tests)

कॉलेज में इस सत्र से सभी छात्राओं के सामान्य ज्ञान की परीक्षा की व्यवस्था की गई है ताकि उनमें प्रतियोगी परीक्षा देने का साहस पैदा किया जा सके। इस परीक्षा में प्रत्येक संकाय की प्रत्येक कक्षा में प्रथम व द्वितीय आने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिये जाएंगे।

## व्याख्यान एवं प्रश्नोत्तरी (Lectures & Quiz)

वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण समस्या की भयावहता को देखते हुए समाज में जनजागरण अभियान के लिए छात्राओं को प्रदूषण की जानकारी विभिन्न माध्यमों, प्रतियोगिताओं/व्याख्यानों/प्रश्नोत्तरी द्वारा दी जाती है तथा उन्हें वन सम्पदा संरक्षण, जल संरक्षण तथा पोलीथीन के दुरुपयोग को देखते हुए उसके कम से कम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## सुझाव बॉक्स (Suggestions Box)

छात्राएँ सुझाव बॉक्स में अपने सुझाव, शिकायत अथवा प्रतिक्रिया लिखकर डाल सकती हैं। सर्वश्रेष्ठ पत्रों को पुरस्कृत किया जाएगा और प्रभावशाली पत्रों को कॉलेज-पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा।

# संकाय एवं विषय

**संकाय (Faculty)**

यह कॉलेज चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा से सम्बद्ध है तथा निम्नलिखित संकायों में शिक्षा प्रदान करता है :

1. **बी. ए.**
2. **बी. कॉम.**
3. **बी. एससी.**
4. **एम.ए. (अंग्रेजी)**

| सीट संख्या (Seat Allocation) | |
|---|---|
| बी. ए. । | 400 |
| बी.कॉम. । | 80 |
| बी.एससी. | 80 |
| फैशन डिज़ायनिंग | 30 |
| एम.ए. | 30 |

| प्रवेश आरक्षण (Reservation) | |
|---|---|
| अनुसूचित जनजाति | 20 प्रतिशत |
| पिछड़ा वर्ग | 27 प्रतिशत |
| विकलांग | 3 प्रतिशत |
| सामान्य वर्ग | 50 प्रतिशत |
| (As per norms) | |



## प्रवेश संबंधी सामान्य नियम (General Admission Rules)

1. प्रवेश में अधिमान (weightage) चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के नियमानुसार प्रदान किया जाएगा।
2. 10+2 की कम्पार्टमेंट वाली छात्राओं का अस्थायी दाखिला दो अवसरों में भी अनुत्तीर्ण रहने पर रद्द कर दिया जाएगा।
3. यदि कोई छात्रा निर्धारित सीमा के अन्तर्गत अपनी फीस जमा नहीं करवाती, तो उसका प्रवेश रद्द माना जाएगा।
4. छात्राओं को दाखिले की सूचना अलग से नहीं दी जाएगी। सूचनापट्ट पर लगी सूची को देखना उनका अपना उत्तरदायित्व होगा।
5. यदि कोई विद्यार्थी प्रवेश के समय गलत या अधूरी जानकारी देता है या कुछ तथ्य गुप्त रखता है या प्रवेश के समय पूरे प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं करता, तो वह इसका स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. फार्म जमा करवाते समय यदि कोई दस्तावेज़ नहीं लगाया है, तो 15 दिनों में उसे अवश्य जमा करवा दें।
7. गणित विषय का चुनाव केवल तभी किया जा सकता है, यदि विद्यार्थी ने 10+2 में गणित विषय 40 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया हो।
8. यदि किसी विषय में 20 छात्राओं से कम छात्राएँ होंगी, तो उन्हें विषय बदलना पड़ेगा।
9. बी.ए. द्वितीय व तृतीय वर्ष में विषय परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी।
10. सैमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा-फार्म समय पर निर्धारित अनुसूची के अनुसार भरें। समय पर फार्म भरने की जिम्मेवारी विद्यार्थी की होगी।

# विषय

## कला-संकाय (B.A.)

अंग्रेज़ी, हिन्दी, पर्यावरण शिक्षा तथा कम्प्यूटर एजुकेशन (लैवल-1)

निम्नलिखित ऐच्छिक विषयों में से कोई दो विषय लेने होंगे -

| | |
|---|---|
| 1. Sociology | 2. Economics |
| 3. Political Science | 4. History |
| 5. Mathematics | 6. Home Science |
| 7. Music (Inst.) | 8. Fashion Designing |
| 9. Punjabi | 10. Physical Education |

## विविध कक्षाओं में प्रवेश संबंधी नियम व न्यूनतम योग्यता

### बी.ए. प्रथम वर्ष

क. हरियाणा शिक्षा बोर्ड अथवा समकक्ष बोर्ड की 10+2 परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिये।

ख. बी.ए. प्रथम वर्ष के लिए अंग्रेज़ी विषय सहित पिछली कक्षा में 35 प्रतिशत अंक होने आवश्यक हैं।

ग. हरियाणा बोर्ड के अतिरिक्त किसी भी अन्य बोर्ड की छात्राएँ प्रवेश हेतु 10+2 के मूल प्रमाण-पत्र, इसकी दो-प्रतियाँ तथा Original Migration Certificate जमा करवाना आवश्यक है। इसके साथ Eligibility form भरने के लिए महाविद्यालय की परीक्षा-शाखा से सम्पर्क करें।

नोट : पर्यावरण शिक्षा एवं कम्प्यूटर एजुकेशन का पेपर सैमेस्टर-2 में उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

## विज्ञान संकाय (B.Sc.)

### बी.एससी. प्रथम वर्ष

क. बी.एससी. में 80 सीटों के लिए प्रवेश पूर्णत: मैरिट के आधार पर किया जाएगा।

ख. हरियाणा शिक्षा बोर्ड अथवा अन्य बोर्ड की 10+2 परीक्षा से उत्तीर्ण हो।

ग. 10+2 नॉन-मेडिकल का होना अनिवार्य है।

घ. 10+2 साईंस, गणित सहित 40 प्रतिशत अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

### पाठ्य विषय

### बी.एससी. (नॉन-मेडिकल) प्रथम वर्ष

**Semester - 1 & 2**

1. Chemistry
2. Physics
3. Mathematics
4. English
5. Environmental Studies
6. Computer Level -1

### बी.एससी. (नॉन-मेडिकल) द्वितीय वर्ष

**Semester - 3 & 4**

1. Chemistry
2. Physics
3. Mathematics
4. Hindi/Punjabi/Sanskrit
5. Computer Level-2

### बी.एससी. (नॉन-मेडिकल) तृतीय वर्ष

**Semester - 5 & 6**

1. Chemistry
2. Physics
3. Mathematics
4. Computer Level-3

## वाणिज्य संकाय (B.Com.)

बी.कॉम. में प्रवेश पूर्णत: मैरिट के आधार पर चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के नियमानुसार दिया जाएगा।

### एम.ए. प्रथम वर्ष प्रवेश संबंधी नियम

न्यूनतम योग्यता (Eligibility)

क) बी.ए. में उत्तीर्ण होना चाहिए।

ख) बी.ए. 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हो व अंग्रेज़ी विषय में 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

ग) बी.ए. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की अंक तालिका व Character Certificate जमा करवाना आवश्यक है।

घ) बी.ए. तृतीय वर्ष में कम्पार्टमेंट होने पर एम.ए. में प्रवेश नहीं मिलेगा।

M.A. English
छात्राओं की संख्या 20 से कम होने पर एम.ए. कोर्स शुरू नहीं होगा और फीस लौटा दी जाएगी।

### विषय परिवर्तन

1. **विषय परिवर्तन के लिए 31 जुलाई 2016 तक आवेदन-पत्र लिए जाएंगे।**
2. **विषय परिवर्तन की अनुमति एक से अधिक बार नहीं दी जायेगी।**
3. **विषय परिवर्तन के बाद लिए गए विषय में उपस्थितियों की गिनती सत्र के प्रारम्भ से की जायेगी व छोड़े हुए विषय की उपस्थिति उसमें नहीं जोड़ी जायेगी।**







## दाखिला फार्म के साथ लगने वाले अनिवार्य दस्तावेज़

**प्रथम वर्ष के लिए :**

1. दसवीं कक्षा की अंकतालिका की दो स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी।
2. बारहवीं कक्षा की अंकतालिका की दो स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी।
3. मूल चरित्र प्रमाणपत्र (छात्रा अपने चरित्र प्रमाणपत्र की प्रति अपने पास रखें।)
4. बारहवीं कक्षा हरियाणा बोर्ड के अलावा किसी अन्य बोर्ड से पास की है तो माइग्रेशन प्रमाणपत्र जमा करवाना होगा। समय पर जमा न करवाने से यूनिवर्सिटी को जुर्माना अदा करना होगा या दाखिला भी रद्द हो सकता है।
5. पासपोर्ट साइज़ की 2 फोटो।
6. अगर किसी छात्रा का बारहवीं कक्षा के बाद गैप है, तो आपको गैप ईयर का सर्टीफिकेट जमा करवाना होगा।
7. अगर कोई छात्रा एससी/बीसी आदि कैटेगरी में आती है, तो एससी/बीसी के प्रमाण-पत्र की दो स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी जमा करवानी होंगी।
8. आधार कार्ड की एक स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी जमा करवानी होगी।

**द्वितीय वर्ष के लिए:**

1. प्रथम व द्वितीय समेस्टर की अंकतालिका की स्वयं हस्ताक्षरित 2 फोटोकॉपी।
2. पासपोर्ट साइज़ की 2 फोटो।
3. अगर कोई छात्रा एससी/बीसी आदि कैटेगरी में आती है, तो एससी/बीसी के प्रमाण-पत्र की दो स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी जमा करवानी होंगी।

**तृतीय वर्ष के लिए:**

1. प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चौथे समेस्टर की अंकतालिका की स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी।
2. पासपोर्ट साइज़ की 2 फोटो।
3. अगर कोई छात्रा एससी/बीसी आदि कैटेगरी में आती है, तो एससी/बीसी के प्रमाण-पत्र की दो स्वयं हस्ताक्षरित फोटोकॉपी जमा करवानी होंगी।

**नोटः दाखिले के समय उपरोक्त सभी दस्तावेज़ों का होना अनिवार्य है। किसी भी दस्तावेज़ के ना होने पर दाखिला नहीं दिया जाएगा।**









# विविध निर्देश

**प्रवेश अन्तराल (Gap Year) शपथ-पत्र :**

जिस छात्रा ने पिछले वर्षों में कहीं भी प्रवेश न लिया हो और महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहती है, तो उसे इस आशय का शपथ-पत्र स्वयं सत्यापित कर देना होगा कि उक्त काल में उसने किसी भी संस्था में प्रवेश नहीं लिया है। चरित्र प्रमाण-पत्र किसी राजपत्रित अधिकारी (Gazetted Officer) का ही मान्य होगा।

**स्थानान्तरण नियम :**

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा एवं हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड के अतिरिक्त आने वाली सभी छात्राओं को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र और निम्न कक्षा का विश्वविद्यालय/ सम्बन्धित शिक्षा बोर्ड का प्रमाण-पत्र प्रवेश के समय कार्यालय में जमा करवाना आवश्यक होगा। विश्वविद्यालय की मान्यता मिलने तक उनका प्रवेश अस्थायी रहेगा।

# महत्त्वपूर्ण निर्देश

स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्रा को पर्यावरण अध्ययन (Environmental Studies) की परीक्षा उसी वर्ष में उत्तीर्ण करनी आवश्यक है। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में अन्य महाविद्यालयों से आने वाली छात्राओं ने यदि उक्त विषय की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है तो उन्हें इस विषय की परीक्षा उसी सत्र में उत्तीर्ण करनी होगी। अन्यथा छात्राएं चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के नियमानुसार स्नातक डिग्री की अधिकारिणी नहीं होगी।







# अनुशासन

1. सूचनापट्ट पर लिखी सूचनाएँ प्रात: एवं सायं प्रतिदिन पढ़िये। कोई छात्रा सूचनापट्ट से नोटिस लगाने, फाड़ने या निकालने की दोषी पाई गई, तो वह विशेष दंड की भागी होगी। छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में किसी प्रकार का कोई नोटिस लगाने की अनुमति नहीं है।
2. Supreme Court के निर्देशानुसार महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णत: वर्जित है जिसके लिए महाविद्यालयों में Anti-ragging Squad गठित है। रैगिंग गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर अथवा रैगिंग के संबंध में शिकायत मिलने पर चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के नियमानुसार दोषी छात्रा को संस्था से तुरन्त निष्कासित कर दिया जाएगा।
3. सभी छात्राओं के लिये परिचय पत्र लाना अनिवार्य है।
4. किसी बाहरी व्यक्ति को छात्रा से मिलने की अनुमति नहीं है।
5. यदि किसी छात्रा का व्यवहार असंतोषजनक है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
6. परिसर में गंदगी फैलाना, फूल तोड़ना वर्जित है, ऐसा करने पर छात्रा आर्थिक दण्ड की भागी होगी।
7. कक्षा कक्ष के सामने एवं बरामदों में शोर मचाना वर्जित है ऐसा करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
8. महाविद्यालय की सम्पत्ति की तोड़–फोड़ किसी भी स्थिति में असहनीय है। पंखे, लाईट किसी भी स्थल पर व्यर्थ न चलने दें। कक्षा से निकलते समय इन्हें अवश्य बंद करें। पानी मूल्यवान है, वाटरकूलरों तथा शौचालयों में पानी व्यर्थ न बहने दें, नल अवश्य बंद करें।



# पुरस्कार

1 विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार दिए जाएंगे।

2 किसी भी विषय में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित छात्रा पुरस्कार की अधिकारी नहीं होगी।

3 पुरस्कार प्राप्त करने की न्यूनतम योग्यता विषय विशेष में 50% अंक प्राप्त करना है।

4 किसी भी संकाय में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रथम स्थान के लिए स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान के लिए रजत पदक प्रदान किया जाएगा।

5 पुरस्कार सम्बन्धी सभी निर्णय पुरस्कार समिति द्वारा प्राचार्या के संरक्षण में लिये जाते हैं।

## रोल ऑफ़ ऑनर :

विभिन्न क्षेत्रों यथा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, खेलकूद, एन.एस.एस., यूथ रेड क्रास, महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक एवम् सांस्कृतिक गतिविधियों में अन्तर्महाविद्यालय, अन्तर्राज्यीय, राज्य तथा अन्तर्विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय के नियमानुसार सम्मानित किया जाता है, जिसमें महाविद्यालय का सर्वोच्च सम्मान '**रोल ऑफ ऑनर**' भी सम्मिलित है।

# आन्तरिक मूल्यांकन एवं उपस्थिति

1. प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। 6 दिन से अधिक अनुपस्थिति पर कॉलेज से नाम काट दिया जाएगा व वार्षिक परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

2. बीमारी के कारण अवकाश के लिए आवेदन-पत्र के साथ चिकित्सा प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।

3. विश्वविद्यालय के नियमानुसार 20 प्रतिशत अंक आन्तरिक मूल्यांकन के आधार पर स्नातक की कक्षाओं के वार्षिक अंकों में जोड़े जाएंगे जिसमें 15 प्रतिशत तक असाइनमेंट व क्लास टेस्ट के होंगे तथा 5 प्रतिशत अंक उपस्थिति के आधार पर भेजे जाएंगे। उपस्थिति और असाइनमेंट के आधार पर अंकों की गणना की जाएगी।

**नोट :** छात्राओं से अनुरोध है कि वे कक्षाओं में अपनी उपस्थिति व असाइनमेंट को गंभीरता से लें क्योंकि न्यूनतम अंक एवं उपस्थिति प्राप्त न करने की स्थिति में उनकी वार्षिक परीक्षा में बैठने की पात्रता रद्द कर दी जाएगी।




MATA HARKIDEVI COLLEGE FOR WOMEN
ODHAN (SIRSA)

# MEMBERS OF GOVERNING BODY



**Sh. Maninder Pal Singh Brar**
President



**Sh. Nachhattar Singh Malhan**
Vice-President



Sh. Mander Singh Sra
Secretary



**Sh. Ram Kumar Nain**
Treasurer



**Sh. Jasvir Singh Jassa**
Member



**Sh. Balwinder Singh Sra**
Member



**Sh. Kewal Krishan Kamboj**
Member

RAISING RURAL POTENTIAL



# MATA HARKI DEVI COLLEGE FOR WOMEN

(Affiliated to CDLU, Sirsa)


ODHAN (Sirsa)

01696-251961, 251977

mataharkidevicollege@yahoo.com

www.mataharkidevicollege.com



Price : ₹ 250/-



CHOICE SIRSA ☎ 231765